[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 104, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

मुझे आने वाले कल का भय नहीं है क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

- विलियम ए व्हाइट

मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध .... 03

04 ऐतिहासिक गौरव: राजस्थान ....

# प्रवासी सम्मेलन राष्ट्रीय विकास का सशक्त माध्यम, मातृभूमि का कर्ज चुकाने राजस्थान में निवेश करें : राज्यपाल बागडे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे मातृभूमि का कर्ज चुकाने के भाव से राजस्थान में अधिक से अधिक निवेश करें, क्योंकि प्रवासी राजस्थानी लंबे समय से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। बुधवार को जयपुर में आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी और प्रेमचंद बैरवा सहित अनेक अतिथियों की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन प्रवासियों के आर्थिक योगदान को राष्ट्रीय विकास से जोड़ने का बहुत बड़ा माध्यम है। राज्यपाल ने राजस्थान को भक्ति, शक्ति और लक्ष्मीपुत्रों की धरती बताते हुए महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की पंक्तियों धरती धोरा री का उल्लेख किया और कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रवासी राजस्थानी एक मंच पर जुटे हैं, जो राज्य में विशाल निवेश संभावनाओं के द्वार खोलता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब केवल मरुस्थल की पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि हरा-भरा, संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश बन चुका है, जहां मानव संसाधन और भूमि सहित सभी आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध उपलब्ध कराई जाएंगी। वाल्मीकि रामायण का प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी – मातृभूमि सदा सर्वोपरि होती है, अतः प्रवासी राजस्थान लौटकर यहां के विकास, उद्योग, उद्यमिता और रोजगार सृजन में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने पधारो म्हारे देश की संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रवासियों का स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान राज्यपाल बागडे ने मुख्यमंत्री शर्मा और राज्यपाल कटारिया के साथ राज्य में निवेश करने वाले विशिष्ट उद्यमियों को सम्मानित किया, प्रवासी सम्मेलन पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण किया तथा राजस्थान पर निर्मित फिल्म का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित ऑडियोझवीडियो कला दीघाओं का अवलोकन भी किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के चित्तौड़गढ़ दौरे की तैयारियां शुरू

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





## कलेक्टर और एसपी ने भूमिपूजन स्थल का किया निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

## हिंदुस्तान जिंक में बनेगा फर्टिलाइजर प्लांट

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 12 दिसंबर को प्रस्तावित चित्तौड़गढ़ दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री इस दिन हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के गंगरार स्थित संयंत्र परिसर में फर्टिलाइजर प्लांट का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और एसपी के साथ एएसपी सरिता सिंह, एसडीएम गंगरार, डीएसपी गंगरार, डीएसपी ग्रामीण चित्तौड़गढ़, एसएचओ गंगरार और चंदेरिया सहित जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भूमिपूजन स्थल, मंच निर्माण, आमजन की बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और वीआईपी गैलेरी से लेकर सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर आलोक रंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं ताकि आमजन और अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह जिला स्तर का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, अतः सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें। एसपी मनीष त्रिपाठी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल, आसपास के क्षेत्र और रूट लाइनिंग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु पर नजर रखी जाए और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई न हो।

### हेलीपैड का निरीक्षण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान


कलेक्टर और एसपी ने मुख्यमंत्री के आगमन और प्रस्थान हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस, प्रशासन और प्रोटोकॉल अधिकारियों के साथ हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, एंट्रीझएग्जिट रूट और वीआईपी मूवमेंट के मार्गों की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के आगमन और वापसी के दौरान ट्रैफिक पूरी तरह नियंत्रित रहना चाहिए। इसके लिए पुलिस विभाग ने विशेष यातायात योजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और आपातकालीन सेवाएं कार्यक्रम स्थल पर स्टैंडबाय रहें।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम के दिन सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल और आमजन की सुविधा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन हों। प्रशासन ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जिला स्तर पर सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं, और व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं।

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 72वीं बैठक सम्पन्न

**अगले वर्ष से शुरू होंगे रोजगारोन्मुखी नवीन पाठ्यक्रम**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**कोटा ।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में विद्या परिषद की 72वीं बैठक कुलगुरु प्रोफेसर बी.एल. वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक निर्णयों को मंजूरी दी गई। बैठक में आगामी 22 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले 18वें दीक्षांत समारोह के लिए ग्रेस पास को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके तहत पीएचडी की तीन बैचों सहित कुल 75,925 विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएँगी। विश्वविद्यालय में अगले वर्ष से कई नए रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने की सैद्धांतिक सहमति दी गई, जिनमें मीडिया राइटिंग, भारतीय ज्ञान परंपरा, कर्मकांड, कंप्यूटर अकाउंटिंग, रिटेल, इंश्योरेंस, आयातझनिर्यात तथा जर्मन, फ्रेंच और स्पेनिश भाषा के प्रमाणपत्र कार्यक्रम शामिल हैं। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि ये कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप हैं तथा विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने दूरस्थ शिक्षा में नवाचार और नई शैक्षणिक योजनाओं के सृजन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वीएमओयू को उत्कृष्ट मुक्त विश्वविद्यालयों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का लक्ष्य सामूहिक सहयोग से ही संभव है। परिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया प्रतिवर्ष जनवरी में शुरू की जाएगी तथा जनवरी 2025 से संचालित पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को मर्सी चांस उपलब्ध नहीं होगा, इसलिए उन्हें अपने सभी परीक्षा घटकों को समय पर पूर्ण करना होगा। परिषद ने यूजीसी के नियमों के अनुसार फीस रिफंड नीति को लागू करने पर भी सहमति दी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
95945-42679 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
95945-42679
प्रधान सम्पादक

## खबर संक्षेप

### कनुवारा ग्राम पंचायत में महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा सेवाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कनुवारा ग्राम पंचायत में महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा



सेवाओं और उपलब्ध सरकारी सहायता तंत्र के बारे में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा सलाह केंद्र (पुलिस थाना ऋषभदेव) द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं–जैसे घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों में निःशुल्क परामर्श, काउंसलिंग, कानूनी सहायता, पुलिस सहयोग तथा वन स्टॉप सेंटर से जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। विधिक सलाहकार पीना डामोर ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा आपात स्थिति में उपलब्ध त्वरित सहायता के तौर-तरीकों की जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर दुर्गा रावत ने वन स्टॉप सेंटर की 247 सेवाओं तत्काल सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, काउंसलिंग, कानूनी परामर्श व अस्थायी आश्रय पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की हिंसा या संकट की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करें। कार्यक्रम में साथिन इंदिरा देवी और सुगना देवी की उपस्थिति में महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जागरूक, सशक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक जानकारी से सम्पन्न बनाना रहा।

**पटवारी भर्ती परीक्षा 2025**

### दस्तावेज सत्यापन में 816 अभ्यर्थियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 के सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के तीसरे दिन बुधवार को आरआरटीआई परिसर, अजमेर में कुल 1025 के मुकाबले 816 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 209 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दस्तावेज सत्यापन का यह कार्यक्रम सोमवार से सुव्यवस्थित रूप से जारी है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाणों के साथ पहुँच रहे हैं। उप निबंधक (प्रशासन) रविन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए विचारित अभ्यर्थियों की सूची के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। पूर्व में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को सात दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को 20 अभ्यर्थियों ने पुनः अवसर का लाभ उठाया, जबकि मंगलवार को 10 अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित हुए थे।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शारीरिक साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण : काहाल्या




**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर एवं सलूंबर जिलों के सभी ब्लॉकों से आए 40 शारीरिक शिक्षकों के लिए शारीरिक साक्षरता पर आधारित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को डायट, उदयपुर में हुआ। उद्घाटन समारोह में डायट प्रधानाचार्य शीला काहाल्या ने कहा कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में शारीरिक साक्षरता की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक दृढ़ता, सकारात्मक दृष्टिकोण और अनुशासन का भी विकास करती है। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वरिष्ठ उपजिला अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मणदास वैष्णव ने बताया कि यह प्रशिक्षण एनईपी 2020, एनसीएफ 2023 एवं एससीएफ 2023 के अनुरूप शारीरिक शिक्षा के महत्व को विद्यालयों और विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कायानुभव प्रभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश कुमावत ने कार्यक्रम एजेण्डा प्रस्तुत करते हुए शारीरिक साक्षरता के माध्यम से समग्र विकास, मनोरंजनात्मक शारीरिक शिक्षा और विद्यालय परिसर में अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की।

वरिष्ठ व्याख्याता हर्षवर्धन सिंह ने विद्यार्थियों के व्यक्तिगत स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति, नशा-मुक्ति जागरूकता और योग शिक्षण पर उपयोगी जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के मुख्य विषय विशेषज्ञ चुन्नीलाल चंदेरिया एवं हरिवल्लभ रेगर ने राज्य स्तरीय शारीरिक साक्षरता मॉड्यूल पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का प्रायोगिक अभ्यास करवाया। राज्य संदर्भ व्यक्ति रणवीर सिंह राणावत ने राज्य स्तर पर संचालित हो रही गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

चर्चा सत्र में भेरूसिंह राठौड़, दीपक व्यास, हरिसिंह राजावत, वासुदेव चौबीसा, सुनील कोठारी, अर्जुनसिंह झाला और सुनील कुमावत ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण का नया अध्याय : नारायण सेवा संस्थान का वर्ल्ड ऑफ मैनिटी हॉस्पिटल तैयार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर ।** दिव्यांगजन सेवा, उपचार और पुनर्वास के क्षेत्र में चार दशकों से निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहे नारायण सेवा संस्थान का विशाल एवं अत्याधुनिक बहुमंजिला सेवा परिसर वर्ल्ड ऑफ मैनिटी - मानवता का संसार पूर्ण रूप से तैयार हो गया है। यह भवन केवल उपचार केंद्र नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को संबल, सम्मान और स्वावलंबन देने की एक ऐतिहासिक हल है। 11 मंजिला, 2 लाख 40 हजार वर्ग फीट में निर्मित यह पूर्णतः वातानुकूलित परिसर आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, पुनर्वास और कौशल प्रशिक्षण को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने का उत्कृष्ट उदाहरण है। बुधवार को मीडिया अवलोकन के दौरान ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी एवं जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने विस्तृत जानकारी दी। इस सेवा भवन का भूमि पूजन 8 फरवरी 2020 को हुआ था और महामारी के दौर में भी निर्माण कार्य जारी रहा ताकि दिव्यांगजन समय पर सुविधाएँ प्राप्त कर सकें। परिसर में 450 बेड का विशाल अस्पताल, दो मॉडर्न ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक फिजियो एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर, कृत्रिम हाथ-पैर निर्माण केंद्र, ऑर्थोटिक इकाई, स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र, विशेष योग्य बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय जैसी सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कृत्रिम अंग, कैलिपर, फिजियोथेरेपी, ऑपरेशन, आवास, भोजन से लेकर कौशल प्रशिक्षण तक–हर सुविधा पूरी तरह मुफ्त रखी गई है। परिसर को अत्याधुनिक तकनीकों–3 प्रिंटिंग, CAD-CAM, बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर प्लांट, फ्ढ वॉटर सिस्टम, मॉड्यूलर OT, सेंट्रल फैब्रिकेशन यूनिट सहित ठअइल्ह मानक स्वास्थ्य संरचना से सुसज्जित किया गया है।

संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि यह केंद्र दिव्यांगजन के जीवन में आत्मविश्वास, स्वावलंबन और गरिमा का नया अध्याय रचने जा रहा है। यहाँ उपचार से लेकर रोजगार तक की संपूर्ण व्यवस्था दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का माध्यम बनेगी। संस्थापक कैलाश मानव ने कहा कि समाज के सहयोग से 1985 में शुरू हुई सेवा यात्रा आज वैश्विक स्तर तक पहुँच चुकी है और आने वाले 25 वर्षों में संस्थान देशभर में करोड़ों दिव्यांगजनों तक सेवा पहुँचाने का लक्ष्य बना रहा है।

नारायण सेवा संस्थान ने आगामी वर्षों के लिए बड़े सामाजिक संकल्प घोषित किए हैं–7 लाख से अधिक शल्य चिकित्सा, 9 लाख से अधिक दिव्यांगजन को सहायक उपकरण, 2 लाख से अधिक कृत्रिम अंग वितरण, 2550 दिव्यांग जोड़ों का विवाह, 98 लाख से अधिक फिजियो उपचार, 400 निःशुल्क सेवा केंद्र, 300 P&O वर्कशॉप, 4500 शिविर, 6000 नई शाखाएँ, 1 करोड़ से अधिक लोगों तक भोजन-राशन तथा हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना शामिल है। वर्ल्ड ऑफ मैनिटी न केवल राजस्थान, बल्कि देश का सबसे बड़ा दिव्यांगजन समर्पित सेवा परिसर बनकर मानवता की नई दिशा तय करेगा।

## सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती शिविर 11 से 23 दिसंबर तक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एसआईएस सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर उदयपुर के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन 11 से 23 दिसंबर तक उदयपुर जिले की समस्त पंचायत समितियों मे होगा। उक्त शिविरों का आयोजन पंचायत समिति बड़गांव में 11 दिसम्बर, पंचायत समिति गोगुन्दा में 12 दिसम्बर, पंचायत समिति झाडोल में 13 दिसंबर, पंचायत समिति कोटडा में 15 दिसम्बर, पंचायत समिति मावली में 16 दिसम्बर, पंचायत समिति वल्लभनगर में 17 दिसम्बर, पंचायत समिति गिर्वा में 17 दिसम्बर, पंचायत समिति ऋषभदेव में 19 दिसम्बर, पंचायत समिति खेरवाडा में 20 दिसम्बर, पंचायत समिति भिंडर में 22 दिसम्बर एवं पंचायत समिति लसाडिया में 23 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा। किसी भी पंचायत समिति के अभ्यर्थी इन पंचायत समितियों मे भाग ले सकते हैं भर्ती केम्प का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा।

**बिहार के विकास मॉडल में शिक्षा को केंद्रीय स्थान दिया गया है, पिछले दो दशकों में सरकारी विद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई**

# तेजी से विकास की राह पर बिहार



कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार
@padmavatmedia.in



**उद्योग और पर्यटन क्षेत्र में नई आर्थिक संभावनाओं की तलाश सरकार की पहली प्राथमिकता है।इस तरफ सरकार ध्यान दे रही है।बिहार की नई विकास नीति में उद्योगों को पुनर्जीवित करने और निवेश आकर्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।**

बिहार ने हाल के वर्षों में विकास और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत पाँच वर्षीय विकास रूपरेखा न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार करती है, बल्कि यह युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों की आकांक्षाओं को भी आधार प्रदान करती है। इस रूपरेखा का मुख्य लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रणाली को आधुनिक बनाना, महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाना और उद्योगों को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।विकास का व्यापक दृष्टिकोण और नई प्राथमिकताएँ बरकरार है।बिहार की विकास योजना का केंद्रबिंदु आर्थिक मजबूती है। राज्य सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्योगों को पुनर्जीवित करने और कृषि उत्पादन को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने को प्राथमिकता में रखा है। स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन तथा बुनियादी संरचना का विस्तार इस रूपरेखा के महत्वपूर्ण आयामों में शामिल है। सरकार का दावा है कि अब तक 50 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, और आगामी वर्षों में करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।दो दशकों में बिहार बदला है।जिसमे कानून का राज और सामाजिक सद्भाव शामिल है।

वर्ष 2005 के बाद बिहार में शासन व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला। राज्य ने भय और अराजकता के माहौल से बाहर निकलकर कानून के राज को स्थापित किया। प्रशासनिक सुधारों और कड़ी निगरानी व्यवस्था के परिणामस्वरूप राज्य में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हुई। आज बिहार सामाजिक स्थिरता के आधार पर विकास की नई इमारत खड़ी कर रहा है। यह स्थिरता वह आधार है, जिस पर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि से जुड़े सुधारों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका है।

शिक्षा में व्यापक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण सुधार में भारी परिवर्तन देखने को मिला है।

बिहार के विकास मॉडल में शिक्षा को केंद्रीय स्थान दिया गया है। पिछले दो दशकों में सरकारी विद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नए विद्यालयों के निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। आज राज्य में सरकारी शिक्षकों की संख्या 5.2 लाख तक पहुँच चुकी है, जो देश के बड़े राज्यों में से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए चलाई गई योजनाये जैसे साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्त ने लड़कियों की स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर छात्राओं की उपस्थिति में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकेत है।

स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और मेडिकल शिक्षा में नया अध्याय



स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार ने ठोस प्रगति की है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या जहाँ पहले केवल छह थी, वहीं अब यह बढ़कर बारह हो चुकी है और कई अन्य कॉलेज निमार्णाधीन हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा हुए हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सरल बनाया है। नई स्वास्थ्य योजनाओं और तेज प्रशासनिक व्यवस्था से आम जनता को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो रही है।

बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है।बिहार में सड़क, पुल, बाईपास और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण ने परिवहन व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहाँ यात्रा करना कठिन और समय लेने वाला होता था, वहीं अब बेहतर सड़क नेटवर्क से शहरों तथा गांवों के बीच का फासला कम हुआ है।

हर घर नल का जल, पक्की सड़क, शौचालय और बिजली पहुँचाने की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। वर्ष 2018 तक हर घर तक बिजली पहुंचने से राज्य की सामाजिक-आर्थिक संरचना में नई संभावनाओं का निर्माण हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल बिजली व्यवस्था ने व्यापार, शिक्षा और संचार को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महिला सशक्तिकरण बिहार का सबसे मजबूत स्तंभ है।इस पर सरकार का पूरा फोकस है।

महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिहार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर राज्य ने नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया है।

जीविका स्वयं सहायता समूहों की सदस्य संख्या 1.4 करोड़ तक पहुँच चुकी है। इन समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में अहम योगदान दिया है। महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 156 करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, जिसे दो लाख रुपये तक बढ़ाने की तैयारी है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। कृषि को तकनीक और नीति से जोड़ने का प्रयास भी जारी है। कृषि को बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। सरकार ने धान अधिप्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए हैं।केंद्र सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ की मंजूरी मिलने से कृषि क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने में तेजी आएगी। आधुनिक तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं, बीज सुधार और फसल सुरक्षा उपायों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योगों तथा कोल्ड चेन नेटवर्क को मजबूत कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में राज्य आगे बढ़ रहा है।

उद्योग और पर्यटन क्षेत्र में नई आर्थिक संभावनाओं की तलाश सरकार की पहली प्राथमिकता है।इस तरफ सरकार ध्यान दे रही है।बिहार की नई विकास नीति में उद्योगों को पुनर्जीवित करने और निवेश आकर्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बिजली, सड़क और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार से उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की अपार संभावनाओं को अब योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। बौद्ध, जैन, सिख, हिंदू और इस्लामिक विरासत स्थलों ने बिहार को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर विशेष स्थान दिया है। पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे का विकास रोजगार और आय का बड़ा स्रोत बन सकता है।

समाज कल्याण और विकास की निरंतर गाथा से समाज मे अमूलचूल परिवर्तन देखा गया है।बिहार की विकास यात्रा में समाज कल्याण की योजनाओं को मजबूत आधार बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज गृह-नल जल योजना और पक्की सड़कों की उपलब्धता ने जीवन स्तर में स्थायी सुधार किया है।

स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाएँ और शिक्षा में बढ़ती पहुँच ने समाज में नई जागरूकता पैदा की है। सरकार का दावा है कि इन योजनाओं ने समावेशी विकास को गति दी है, जिसमें प्रत्येक समुदाय को समान अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।नए बिहार में भविष्य की ओर बढ़ता आत्मविश्वास की ताकत जनता की उम्मीदों का उदारहण है।पाँच वर्षीय विकास रूपरेखा बिहार की नई ऊर्जा और नए विश्वास का प्रतीक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि और सामाजिक कल्याण की सामूहिक प्रगति ने राज्य को विकास की तेज राह पर ला खड़ा किया है।

युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्तिकरण, किसानों को समर्थन और गरीब परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग और राज्य की नीतिगत स्पष्टता ने बिहार को नई दिशा दी है। आज का बिहार भय और पिछड़ेपन की छवि से निकलकर विकास, स्थिरता और समृद्धि की ओर बढ़ा है। आने वाले वर्षों में यह प्रगति और भी गति पकड़ने की संभावना रखती है। नए अवसरों और योजनाओं के साथ बिहार अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में है।

## खबर संक्षेप

### सारियाणा नव सृजित ग्राम पंचायत बनने पर भाजपा नेताओं का किया भव्य स्वागत

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में ग्रामीणों को विकास में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों का नव सृजन किया है। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र भीनमाल में पूर्व विधायक पुराराम चौधरी और जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के अथक प्रयास एवं प्रदेश स्तर पर सक्रिय राजनीतिक भागीदारी से क्षेत्र में बड़ी संख्या में नवीन ग्राम पंचायतों के सृजन की सौगात मिली है। नव सृजित ग्राम पंचायत सारियाणा के ग्रामीणों द्वारा नवीन पंचायत के गठन पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत समारोह का आयोजन कर पूर्व विधायक पुराराम चौधरी एवं जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित सहित भाजपा नेताओं का भव्य स्वागत कर आभार व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों के नव सृजन से स्थानीय विकास को बढ़ावा, प्रतिनिधत्व, क्षमता में वृद्धि, प्रशासनिक पारदर्शिता सहित संसाधनों के बेहतर उपयोग सहित अन्य सुविधाओं का बेहतर विकास संभव होगा। पूर्व विधायक पुराराम चौधरी ने कहा कि नवीन पंचायतों के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नवीन परिपाटी को अंकित किया जाएगा। साथ ही आमजन को सुविधाओं में नवीन सौगातें प्राप्त होगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर प्रधान श्रीमती किरण भारतीय, जुंजाणी मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी, पूर्व सरपंच फागोतरा हरचंद देवासी, इंद्रसिंह राणावत, भलाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

**यूरिया की अनियमित बिक्री पर बड़ी कार्रवाई**

### फतहनगर की फर्म का लाइसेंस निलंबित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में यूरिया की अनियमित बिक्री, कालाबाजारी एवं अनियमितताओं के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में बुधवार को उर्वरक नियंत्रण आदेश के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा सख्त कदम उठाते हुए मावली तहसील के फतहनगर स्थित एक खुदरा उर्वरक विक्रेता का प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सुधीर कुमार वर्मा ने बताया कि मैसर्स कृष्णा सीड्स, फतहनगर (तहसील मावली) द्वारा माह अक्टूबर के दौरान उदयपुर जिले के अधिकार क्षेत्र से बाहर अनियमित एवं अनियंत्रित रूप से यूरिया उर्वरक का विक्रय एवं व्यवसाय किया।

## कांग्रेस की नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल का सी.एल. गेहलोत ने किया पारंपरिक स्वागत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** कांग्रेस ओबीसी विभाग जालोर के जिलाध्यक्ष सी.एल. गेहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती रमिला मेघवाल का उनके निवास पर पारंपरिक रीति से स्वागत किया गया। रमिला मेघवाल के आगमन से पूरे परिसर में उत्साह, सम्मान और राजस्थानी सांस्कृतिक रंगों का माहौल छा गया। परिवार की ओर से ढोल-थाली की मंगल ध्वनि, शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर और राजस्थानी साफा बाँधकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। आयोजन के दौरान आपसी सौहार्द, संगठनात्मक एकता और सम्मान का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक प्रमुख कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष भेरूपालसिंह, कांग्रेस पर्यावरण संरक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुखराज बिश्नोई, इकबाल खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारताराम सुन्देशा, सुरेश सोनी, ईश्वरसिंह पांसला (दासपां), आसाराम गेहलोत, विजयसिंह, भीरू ग्रुप अध्यक्ष लालाराम परमार, सचिव पारसमल सांखला, संरक्षक भंवरलाल सोलंकी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, सुरेश सोलंकी, मुकेश परिहार, लीला गेहलोत, प्रताप सुथार, जबराराम सुथार, हैदर अली, नाथूराम सोलंकी, रमेश दवे, मांगीलाल शामिल सहित कई लोग उपस्थित थे। सी.एल. गेहलोत ने कहा कि रमिला मेघवाल का आगमन संगठन के लिए ऊर्जा, प्रेरणा और मजबूती का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में जिले में कांग्रेस और अधिक सक्रिय रूप से जनसेवा के लिए कार्य करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## मनिहारी फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन का स्नेह मिलन 28 को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



बैठक में 28 दिसंबर रविवार को सर्व समिति से स्नेह मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया । इसी अवसर पर नए सदस्य बनाने को लेकर कोषाध्यक्ष, सचिव इकाई अध्यक्ष सहित कोर कमेटी को दायित्व दिया गया

**भीनमाल ।** मनिहारी फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन की बैठक संगठन के अध्यक्ष भोपालसिंह दुदवा के सानिध्य में स्थानीय नीलकंठ महादेव प्रांगण में संपन्न हुई । बैठक में 28 दिसंबर रविवार को सर्व समिति से स्नेह मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया । इसी अवसर पर नए सदस्य बनाने को लेकर कोषाध्यक्ष, सचिव इकाई अध्यक्ष सहित कोर कमेटी को दायित्व दिया गया। स्नेह मिलन 28 दिसंबर को नीलकंठ महादेव प्रांगण रखा गया है। संगठन सचिव चेतन गहलोत ने संगठन को मजबूत बनाने व आगे की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी व्यापारी बंधुओ को आग्रह किया । इस अवसर पर नवल राठी, नरेश सुखाड़िया, भंवरसिंह, दिनेश लखारा, कैलाश महेश्वरी, विष्णु वैष्णव, सांवलाराम घांची, पियूष महेश्वरी, सौरभ महेश्वरी, सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे ।

## संभागीय आयुक्त ने किया राष्ट्रीय लेक्रोज विजेताओं का सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** कटरा, जम्मू में 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित हुई द्वितीय फेडरेशन कप लैक्रोज प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दौहरा खिताब जीत कर लौटी राजस्थान टीम का उदयपुर संभागीय आयुक्त सहित विभिन्न संस्थाओं एवं खेल प्रेमियों ने उदयपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया। अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन से श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले जनजाति अंचल के लेक्रोज कप्तान सुनीता मीणा व मोहनलाल गमेती सहित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक नीरज बत्रा का उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने अपने कार्यालय में अभिनन्दन किया। उदयपुर जनजाति क्षेत्र के अधिकांश खिलाड़ियों से सुसज्जित राजस्थान टीम को फेडरेशन कप हेतु अपने विवेकाधीन निधि से 10 लाख 20 हजार की वित्तीय सहायता देने वाले राजस्थान के राज्यपाल माननीय हरि भाऊ किशन राव बागडे का शुभकामना संदेश भी दिया जिन्होंने आदिवासी अंचल के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से प्राप्त किए गए उत्कृष्ट परिणाम को जमकर सराहा एवं क्षेत्र में समाज कल्याण सहित लक्ष्य ओलंपिक को प्राप्त करने का आह्वान किया। खिलाड़ियों व प्रशिक्षक ने भी राज्यपाल महोदय, राजस्थान सरकार एवं उदयपुर संभागीय आयुक्त का अतुलनीय सहयोग एवं प्रोत्साहन हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन, राजस्थान माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक कृति राठौड़, डीजीएम बी.एस. पत्राबत, आई टी निदेशक गिरिराज कथेरिया तथा अधिकारी गण मौजूद रहे। इससे पूर्व कालका माता व्यापार मंडल एवं क्षेत्र वासियों अशोक शर्मा, सत्यनारायण प्रजापत, जी एल कुमावत, जसवंत उपाध्याय, अमिता, लक्षिता त्रिपाठी, सुमन शर्मा,अनिल शर्मा, विजय नागर, विकास त्रिपाठी, गोविंद सिंह राठौड़, आनन्द कुंवर राठौड़ आदि एवं कालका माता मंदिर यूनिवर्सिटी रोड पर मंदिर पुजारी देवेंद्र सिंह गौड़ सहित क्षेत्र वासियों ने ढोल बाजे बजा व मिठाई खिला समारोह पूर्वक स्वागत किया। सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय में उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा एवं उपस्थित जन समूह ने, रामपुरा चौराहे पर पूर्व सरपंच सीसारमा मोतीलाल खड़ा, वालू राम गमेती, नाना लाल गमेती सहित ग्राम वासियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

## किशनपोल जोन में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, बापू बाजार-इंद्रा बाजार की 4 दुकानें सीज







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** नगर निगम जयपुर ने शहर में अवैध निमार्णों पर सख्ती बरतते हुए बुधवार को किशनपोल जोन में व्यापक कार्रवाई की। निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर जोन टीम ने बापू बाजार, इंद्रा बाजार और चांदपोल क्षेत्र में बिना अनुमति किए गए निर्माण और अवैध रूप से संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल चार दुकानों को मौके पर ही सीज कर दिया। जोन उपायुक्त विजेंद्र कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण कार्य पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की गई। सीज की गई दुकानों में बापू बाजार की दुकान संख्या 121 और 122, इंद्रा बाजार की दुकान संख्या 209 तथा अनाज मंडी, चांदपोल बाहर, जालूपुरा स्थित दुकान संख्या 27 शामिल हैं। यह कार्रवाई उपायुक्त विजेंद्र सिंह, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक शशिकांत शर्मा और हेरिटेज सेल प्रभारी के निर्देशन में की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण, अतिक्रमण या बिना अनुमति किए गए बदलाव बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से अपील है कि किसी भी निर्माण या संशोधन से पूर्व आवश्यक अनुमति प्राप्त कर नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## राजस्थान ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक अतुल सिंह 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा इकाई ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए राजस्थान ग्रामीण बैंक, अयाना (जिला कोटा) के सहायक बैंक प्रबंधक अतुल सिंह को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई। मामले की शुरूआत तब हुई जब परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी कि उसने बैंक से भवन निर्माण हेतु 24.50 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कराया था। पहली किश्त के रूप में 8 लाख रुपये उसे मिल चुके थे, लेकिन दूसरी किश्त जारी करने के बदले सहायक बैंक प्रबंधक अतुल सिंह द्वारा एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने 09 अक्टूबर को सत्यापन करवाया, जिसमें आरोपी द्वारा 40 हजार रुपये की मांग की पुष्टि हुई। महानिदेशक एसीबी गोविंद गुप्ता के अनुसार, सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में डीवाईएसपी अनीस अहमद व टीम ने ट्रैप कार्रवाई आयोजित की। परिवादी से 40 हजार रुपये लेते ही आरोपी अतुल सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देश में आरोपी से पूछताछ जारी है। उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थों एवं शराब पर प्रभावी कार्रवाही

## विगत दो दिनों में 1 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब एवं मादक पदार्थ जब्त, 12 तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने पिछले दो दिनों में अवैध शराब परिवहन, नशे की तस्करी तथा डोडाचूरा/स्मैक/एमडी पाउडर जैसे मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण कार्रवाहियां की हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस टीमों ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मादक पदार्थों की बड़ी खेप, अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं। सभी कार्यवाहियों में कुल 1 करोड़ 85 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

### विभिन्न जिलों में प्रमुख कार्रवाईयाँ

धार पुलिस ने इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 1499 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। बरामद सामग्री और वाहन की कीमत 1 करोड़ 24 लाख 43 हजार 700 रुपए आँकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक बबलू पिता जियालाल वरकडे और परिचालक दुर्गेश पिता शिव नरेश राजपूत, दोनों निवासी इंदौर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### भोपाल: क्राइम ब्रांच द्वारा टऊड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

भोपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशे के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए ईदगाह हिल्स क्षेत्र से एक तस्कर शिफत पिता दिलशाद अहमद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 11.05 ग्राम एमडी पाउडर (कीमत लगभग 3 लाख 45 हजार रूपए) और दो मोबाइल जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना जारी है।

### गुना पुलिस का नशा तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार

गुना पुलिस ने 'नशा मुक्त गुना जिला' अभियान के अंतर्गत लगातार दो बड़ी कार्रवाईयाँ की हैं। कैंट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7.2 ग्राम स्मैक पाउडर (कीमत 72 हजार रूपए) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, मृगवास थाना पुलिस ने पहले राजस्थान के स्मैक तस्कर सोनू मीना को 104.35 ग्राम स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (कीमत 11 लाख 20 हजार रूपए) सहित गिरफ्तार किया। इसके मात्र 24 घंटे के भीतर ही उसके सप्लायर घीसालाल मीना निवासी मोतीपुरा, राजस्थान को भी गिरफ्तार किया।



### नीमच जिले में 221 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त

जिले के जावद थाना पुलिस ने नयागांव क्षेत्र में मारुति वैन से 221 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया। जिसकी अनुमानित कीमत 33 लाख 15 हजार रूपए है। आरोपी वैन चालक सुखदेव गुर्जर को भी गिरफ्तार किया गया है।



### इंदौर पुलिस की ब्राउन शुगर तस्कर पर कार्रवाई

पुलिस थाना आजाद नगर ने अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक ब्राउन शुगर तस्कर तनवीर उर्फ तन्नू अब्दुल गफ्फार को न्यू आरटीओ रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 13.51 ग्राम ब्राउन शुगर लगभग 1 लाख 30 हजार रूपए की जब्त की गई।

### मुरैना और मैहर में अवैध शराब पर शिकंजा

मुरैना के सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 170 पेटी अवैध देशी शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त 01 टाटा पिकअप गाड़ी सहित कुल 10 लाख रूपए से अधिक कीमत की सामग्री जब्त की है।

वहीं मैहर पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में 1 लाख 12 हजार रुपये मूल्य की 198 लीटर अवैध शराब जब्त की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मध्यप्रदेश पुलिस अवैध शराब, नशे के कारोबार, तस्करी नेटवर्क और संगठित अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलेरेंस की नीति पर निरंतर और दृढ़ता से कार्य कर रही है। इन संयुक्त कार्यवाहियों में मध्?यप्रदेश पुलिस ने ताबड़तोड़, सटीक और साहसिक अभियानों के माध्यम से विगत दो दिनों में 1 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब एवं मादक पदार्थ जब्त किए हैं। साथ ही 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# मानवाधिकार दिवस पर करुणा वर्ष कार्यक्रम में महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ का बड़ा सेवा कार्य

## 20,000 ऊनी स्वेटर जरूरतमंदों को समर्पित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर/नाथद्वारा/राजसमंद।** मानवाधिकार दिवस तथा परमपावन दलाई लामा को प्रदत्त नोबेल शांति पुरस्कार की 36वीं वर्षगांठ के अवसर पर उदयपुर स्थित सामोर बाग में करुणा और मानव सेवा से परिपूर्ण विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नाथद्वारा विधायक महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ एवं तिब्बती व्यापारी समुदाय ने समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए 20,000 ऊनी स्वेटर समर्पित किए। करुणा वर्ष–दलाई लामा की 90वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल में 3,000 से 4,000 स्वेटरों का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। सामोर बाग परिसर, जिसे तिब्बती समुदाय को वर्षों पूर्व स्वर्गीय महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ द्वारा उपलब्ध कराया गया था, आज भी आपसी सहयोग और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। कार्यक्रम में दलाई लामा की करुणा-भावना, मानवता और शांति के संदेश को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को मजबूत करने की प्रेरणा दी गई। यह सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति समर्पण और मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।




# प्रणीत सागर जी महाराज ससंघ का देवली में भव्य मंगल प्रवेश









पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### पंचकल्याणक महामहोत्सव की तैयारियों को मिली गति

**देवली।** मज्जिनेन्द्र पंच बालयति पंचकल्याणक महामहोत्सव (6 फरवरी 2026) के अंतर्गत मुनिश्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज ससंघ का देवली में बुधवार को भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मुनिसंघ का प्रवेश णमोकार हॉस्पिटल से प्रारंभ हुआ, जहां समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन कर मंगल अगवानी की। नगर में जगह-जगह आकर्षक स्वागत द्वार, रंगोली और पुष्प वर्षा से देवली को धार्मिक वातावरण में परिवर्तित कर दिया गया। सर्व समाज ने मुनिसंघ के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए पादप्रक्षालन कर आध्यात्मिक स्वागत किया।

भव्य जुलूस के पश्चात मुनिसंघ की धर्मसभा चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर परिसर में आयोजित हुई, जहां समाज अध्यक्ष और मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने दीपप्रज्वलन एवं चित्र अनावरण कर मंगल कार्यक्रम की शुरूआत की। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज ने पंचकल्याणक के महत्व और उसके आध्यात्मिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में धर्म, त्याग और सद्चिन्तन की ऊर्जा प्रवाहित होती है।

मुनिसंघ के स्वागत में समाज अध्यक्ष बंशीलाल सर्राफ, नगरपालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन, भीमराज जैन, मंजू जैन, पार्षदगण, महावीर जैन धुंधरी, कजोड़मल जैन खेड़ा, ओमप्रकाश टोरडी, पदमचंद जैन टोरडी सहित बड़ी संख्या में श्रावकों ने सहभागिता निभाई। पंचकल्याणक समिति अध्यक्ष विनोद जैन मोतीपुरा, संयोजक पंकज सर्राफ, चन्द्रकान्ता जैन, लक्की सर्राफ, महावीर लाइट, मुकेश चौसला, दीपक बाजटा, उत्तम धुंधरी आदि ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

समिति संयोजक पंकज सर्राफ ने बताया कि पंचकल्याणक के प्रमुख पात्रों का चयन 17 दिसम्बर को नगरपालिका टीनशेड में मुनिश्री के सान्निध्य में किया जाएगा। देवली में मुनिसंघ के आगमन से पूरे शहर में धार्मिक उल्लास और उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

# डीसी ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयोजन सुव्यवस्थित, जनहितकारी और अधिकतम जनसहभागिता वाले हों, ताकि सरकार की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर आमजन तक पहुंच सके। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध रूप से संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, विकास कार्यों और जनकल्याण पहल को जनता तक सरल भाषा में पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि 12 से 26 दिसंबर तक जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ का संचालन किया जाएगा, जो निर्धारित रूट प्लान के अनुसार गांव-गांव व वार्डझवार्ड जाकर सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और लाभार्थी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। विकास रथ का उद्देश्य है कि आमजन योजनाओं की पात्रता, लाभ और प्रक्रियाओं को समझकर उनका अधिकतम लाभ ले सकें। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिले के उपखंड अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।



### 12 से 26 दिसंबर तक विकास रथ हर विधानसभा में देगा योजनाओं की जानकारी

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार को लेकर कुलमीपुरा में व्याख्यान माला का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार को लेकर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुलमीपुरा में बुधवार को जंक फूड के दुष्परिणाम व पोस्टिक आहार विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। सीएमएचओ डॉक्टर जीवराज मीणा ने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ भोजन की आदतों से जोड़ना तथा उनके दैनिक आहार में पोषक तत्वों की भूमिका को समझाना था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार पामेचा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोटा अनाज जैसे-ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, सावा व चौलाई उच्च पोषण देने वाले अनाज है। यह मानव शरीर को ऊर्जा, प्रोटीन, फाइबर और खनिज लवण प्रदान करते हैं। इनका नियमित सेवन कई बीमारियों के बचाव में सहायक है। साथ ही जंक फूड के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम ,,शुद्ध आहार मिलावट पर वार,, में विद्यालय प्रधानाचार्या जय श्री शर्मा, व्याख्याता प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीप्ति जैन, सरस्वती सोनी, किरण दोसाया, नारायण लाल मीणा, सुरेश चंद्र जाटव, बालू राम लबाना, जितेंद्र शर्मा व सुरेश टेलर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान 150 विद्यार्थी जानकारी से लाभान्वित हुए।




# कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी (यू.के.) में मध्यप्रदेश के 30 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीख रहे उन्नत पुलिसिंग तकनीकें

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस का मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम (टउळढ) राज्य के पुलिस नेतृत्व को आधुनिक, उत्तरदायी और रणनीतिक सोच के साथ सशक्त बना रहा है। राज्य पुलिस सेवा के 30 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस विशेष प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य अधिकारियों को समकालीन कानून-व्यवस्था की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना है। प्रशिक्षण का शुभारंभ 27 नवम्बर को मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में हुआ, जहां निदेशक मोहम्मद शाहिद अबसार की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। अधिकारियों ने 27 से 29 नवम्बर तक पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया, तत्पश्चात 1 से 2 दिसंबर तक आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी तथा 4 से 6 दिसंबर तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में पुलिसिंग से जुड़े विषय–सोशल लेजिसलेशन, ई-गवर्नेंस, पब्लिक ऑर्डर, विक्टिमोलॉजी, विभागीय समन्वय और विभिन्न अधिनियमों का गहन अध्ययन किया। 8 दिसंबर से प्रशिक्षण कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी (यूके) में जारी है, जहां अधिकारियों को ब्रिटिश पुलिस संस्थानों का अवलोकन कराया जा रहा है तथा क्राइम हार्म इंडेक्स, प्रीडिक्टिव पुलिसिंग, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं आधुनिक पुलिसिंग मॉडलों का अध्ययन कराया जा रहा है। एक माह से अधिक अवधि वाला यह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण 30 दिसंबर को डी-ब्रीफिंग सत्र के साथ पूर्ण होगा। यह मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों का पाँचवाँ बैच है, जिसमें 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों के अनुरूप उन्नत पुलिस नेतृत्व तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों का मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में जारी

# मनी लॉन्ड्रिंग में बड़ी कार्रवाई: नशीली दवाओं की अवैध बिक्री से कमाए करोड़ों, आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जालंधर जोनल कार्यालय ने मादक द्रव्यों की अवैध बिक्री से अर्जित अवैध संपत्ति (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के मामले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम जैसी मनःप्रभावी गोलियों की अवैध बिक्री के माध्यम से भारी मात्रा में काला धन कमाने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद उसे विशेष न्यायालय, एनडीपीएस अधिनियम, एसएएस नगर में प्रस्तुत किया गया, जहां से छह दिन की ईडी रिमांड मंजूर की गई है।




यह कार्रवाई पंजाब पुलिस द्वारा मादक द्रव्य अधिनियम, 1985 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज एफआईआर के आधार पर प्रारंभ की गई थी। यह मामला ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम जैसी मनःप्रभावी दवाओं की बड़े पैमाने पर अंतरराज्यीय तस्करी से संबंधित है। जांच के दौरान ईडी ने अभिषेक कुमार और उससे जुड़े व्यक्तियों के 16 ठिकानों पर तलाशी की, जिसमें भारी मात्रा में संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए।

ईडी की जांच में सामने आया कि फार्मा कंपनियों और थोक विक्रेताओं से जुड़े मध्यस्थ नशे की इन गोलियों की बड़ी खेप खरीदकर उसे ब्लैक मार्केट में ऊंचे दामों पर बेचते थे। जिन दवा कंपनियों से यह स्टॉक खरीदा गया, उनमें बायोजेनेटिक ड्रग्स प्रा. लि., सीबी हेल्थकेयर, स्माइलैक्स फामार्केम ड्रग इंडस्ट्रीज, एस्टर फार्मा और सोल हेल्थ केयर (इंडिया) प्रा. लि. शामिल हैं। इन कंपनियों से खरीदी गई दवाओं को कानूनी बिक्री के बजाय अवैध चैनलों के माध्यम से डीलरों और ड्रग पेडलर्स तक पहुंचाया जाता था।

अभिषेक कुमार ने अपनी फर्म श्री श्याम मेडिकल एजेंसी के माध्यम से इन दवाओं की बड़ी मात्रा थोक विक्रेताओं और निमार्ताओं से खरीदी और लगभग 75 प्रतिशत स्टॉक को बही खातों से बाहर अवैध रूप से बेच दिया। इन गैरकानूनी लेन-देन को छिपाने के लिए नकली बिलों में बॉक्सों की संख्या बढ़ाकर दर्शाई जाती थी ताकि बिक्री को वैध दिखाया जा सके। इस तरह आरोपी ने लगभग 3.75 करोड़ रुपये नकद अवैध कमाई (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में अर्जित किए।

ईडी के अनुसार यह मामला मादक द्रव्यों की अवैध तस्करी से अर्जित धन को वैध रूप में दिखाने की आपराधिक साजिश का उदाहरण है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा है कि नशे के कारोबार से जुड़ी ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अपराध से अर्जित संपत्तियों को जब्त कर कानून के दायरे में लाया जाएगा। जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### जयसमंद पंचायत समिति के पहले प्रधान गंगाराम मीणा का कार्यकाल समाप्त

## सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित

**जयसमंद @ पदमावत मीडिया।** पंचायत समिति जयसमंद के प्रथम प्रधान गंगाराम मीणा का पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर बुधवार को भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पंचायत समिति के समस्त कार्मिकों, पंचायत समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने माला, साफा एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा कि गंगाराम मीणा का कार्यकाल सहयोग, पारदर्शिता और विकास कार्यों की गति के लिए अविस्मरणीय रहेगा। प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि इन पांच वर्षों में पंचायत समिति परिवार, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पूर्ण सहयोग से ही विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को सुचारू रूप से पूरा किया जा सका। उन्होंने सभी के प्रति कृतज्ञता जताई और कहा कि यह कार्यकाल उनके लिए सीख और संवाद का महत्वपूर्ण समय रहा। कार्यक्रम में विकास अधिकारी दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक, नायब तहसीलदार तुलसीराम मीणा, जावद सरपंच रमेशचंद्र मीणा, पीएस सदस्य गोतम लाल मीणा, मांगीलाल मीणा, मांगीलाल सेवक, जवाहर लाल मीणा, प्रकाश मीणा, किशन लाल मीणा, दिनेश मीणा सहित समस्त पंचायत समिति स्टाफ, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह ने पांच वर्षों की समर्पित सेवा, सुशासन और टीम भावना का एक प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। गंगाराम मीणा का कार्यकाल स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीण समुदाय के बीच विश्वास, समन्वय और विकास की निरंतरता को मजबूत करने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा।




### पुलिस थाना वल्लभनगर की कार्यवाही

## मंदिर में रात्री नकबजनी का 48 घंटे में खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार


**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में धार्मिक स्थलों पर बढ़ती चोरी की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हुए पुलिस थाना वल्लभनगर ने डागीखेड़ा गांव स्थित चामुंडा माता मंदिर में हुई रात्री नकबजनी का मात्र 48 घंटे में पदार्फाश कर शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई थाना स्तर पर मिले निदेशों के बाद अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा और वृताधिकारी वल्लभनगर के सुपरविजन में थानाधिकारी दिनेश पाटीदार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम ने चोरी गया माल मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। घटना 5 दिसंबर की रात की है, जब डागीखेड़ा निवासी सोहनलाल ने रिपोर्ट दी कि मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी में रखी नगदी और माता जी की छोटी नथ (वईसर) चोरी कर ली गई। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस ने स्थल निरीक्षण, तकनीकी विश्लेषण और स्थानीय इनपुट्स के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। जांच में सामने आया कि वारदात में तालाब तुस डांगियान निवासी प्रकाश पुत्र भगवतीलाल शामिल था। पुलिस ने त्वरित दबिश देते हुए उसे पकड़ा और पूछताछ में आरोपी ने मंदिर से चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया गया। अभियुक्त के तौर-तरीकों में रात्री के समय मंदिरों को सूना पाकर ताले तोड़ना, दान पेटी और मूर्ति पर चढ़े आभूषणों को निशाना बनाना शामिल है। पुलिस अब आरोपी की अन्य संभावित वारदातों की भी जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप

### पाली में ग्राम विकास अधिकारी 1,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**पाली @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पाली-प्रथम इकाई ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत मुसालिया, पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली की ग्राम विकास अधिकारी कांता शर्मा को 1,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके पुत्र और पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता के आधार नंबर दर्ज करने की एवज में आरोपी द्वारा 3,000 रुपये की रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है। शिकायत की सत्यता की पुष्टि के बाद एसीबी ने जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन तथा एसीबी पाली-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र डुकिया के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई आयोजित की। इस कार्रवाई में कांता शर्मा को 1,500 रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार करते ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



**12वीं राजस्थान राज्य अन्तर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 30 जनवरी से**

### जिला कलक्टर ने गठित की समितियां, टीमों का चयन 22 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** 12वीं राजस्थान राज्य अन्तर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता आगामी 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक उदयपुर में प्रस्तावित हैं। इसके लिए जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिला कलक्टर ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विविध समितियां गठित की हैं। उधर, उदयपुर संभाग की टीमों का चयन अब 15 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को किया जाएगा। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी ने बताया कि टेबल टेनिस महिला एवं पुरूष, वॉलीबाल पुरूष, कबड्डी महिला एवं पुरूष, बैडमिंटन महिला एवं पुरूष तथा बॉस्केटबाल पुरूष टीम का चयन ट्रायल 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से चेतक सर्कल स्थित महाराणा भूपाल स्टेडियम में तथा टेनिस महिला एवं पुरूष तथा क्रिकेट पुरूष टीम का चयन ट्रायल खेलगांव उदयपुर में होगा। श्री देवासी ने संभाग के सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग के इच्छुक एवं दक्ष अधिकारियों-कर्मचारियों की चयन ट्रायल में सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता में निगम, मण्डलों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, ठेका श्रमिक, संविदा अधिकारी-कर्मचारी, कार्यप्रभारित अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस विभाग के बेल्टधारी अधिकारी-कर्मचारी पात्र नहीं होंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने प्रतियोगिता के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विविध समितियां गठित की हैं। इसमें आयोजन समिति, उद्घाटन - समापन समारोह एवं भोजन व्यवस्था समिति, आवास समिति, परिवहन समिति, खेलकूद समिति, चिकित्सा समिति, प्रचार-प्रसार समिति, प्रोटेस्ट समिति, कानून एवं शांति व्यवस्था समिति, प्रमाण पत्र, निमंत्रण पत्र मुद्रण समिति, नियंत्रण कक्ष समिति, जल, विद्युत, सफाई एवं सामान्य व्यवस्था समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति तथा क्रय-विक्रय समिति गठित करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ई- लॉटरी का आयोजन 18 दिसम्बर को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 1109 आवासीय भूखण्डों के आवंटन हेतु ई- लॉटरी का आयोजन 18 दिसम्बर को प्रात 11 बजे सामुदायिक केन्द्र, साउथ एक्स्टेंशन, बलीचा उदयपुर में किया जाएगा। यूडीए आयुक्त राहुल जैन बताया कि ई- लॉटरी पूर्णतः ऑनलाईन माध्यम से, पूर्ण पारदर्शिता के साथ, जिला कलेक्टर महोदय द्वारा नामित प्रतिनिधि, प्राधिकरण अधिकारियों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी। आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर ई- लॉटरी की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकते हैं। लॉटरी के पश्चात सफल आवेदकों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। सफल आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का शिड्यूल प्राधिकरण की वेबसाईट पर पृथक से जारी की जाएगी।

# ऐतिहासिक गौरव: राजस्थान पुलिस अकादमी देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनी-क्षमता विकास आयोग ने दिया उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी ने पुलिस प्रशिक्षण के राष्ट्रीय इतिहास में नया अध्याय रचते हुए खुद को देश की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल करा लिया है। भारत सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने व्यापक मूल्यांकन के बाद आरपीए को उत्कृष्ट संस्थान (Centre of Excellence) घोषित किया है। यह उपलब्धि इसलिए और महत्वपूर्ण है क्योंकि देश के सभी राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में यह दर्जा पाने वाली राजस्थान पुलिस अकादमी पहली अकादमी बन गई है और अब देश के शीर्ष पाँच सर्वश्रेष्ठ पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल हो गई है।



राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अकादमी को बधाई देते हुए इसे पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि आरपीए की यह उपलब्धि साबित करती है कि हमारे प्रशिक्षु देश के सबसे उत्कृष्ट प्रशिक्षण ढाँचे में तैयार हो रहे हैं। महानिदेशक प्रशिक्षण अनिल पालीवाल ने इसे नवाचार और गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण के नए युग की शुरूआत बताया।

अतिरिक्त महानिदेशक एवं आरपीए निदेशक संजीब नाजार्री ने बताया कि अकादमी का मूल्यांकन क्षमता विकास आयोग द्वारा 8 प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत 43 कठोर मानकों पर किया गया था। इनमें प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण, संकाय विकास, ई-लर्निंग व तकनीक का उपयोग, प्रशिक्षण सहायक प्रणालियाँ, गुणवत्ता नियंत्रण, संस्थागत प्रबंधन और अन्य संस्थानों के साथ समन्वय जैसे प्रमुख मानक शामिल थे। आयोग की टीम ने 9 और 10 दिसंबर को आरपीए का औचक निरीक्षण किया तथा सभी दस्तावेजों, प्रशिक्षण मॉडल, तकनीकी उपयोग और व्यावहारिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन करने के बाद अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया।

निदेशक संजीब नाजार्री और अतिरिक्त निदेशक शंकरदत्त शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम–सहायक निदेशक धनपत राज, अनुकृति उज्जैन, निरीक्षक धीरज वर्मा, दीपक यादव, नीलिमा अग्निहोत्री और महिला कांस्टेबल रानी–ने मूल्यांकन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह भी उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस अकादमी इससे पहले भी तीन बार देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी का सम्मान प्राप्त कर चुकी है, जो यह प्रमाणित करता है कि आरपीए लगातार उच्च गुणवत्ता और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों पर काम कर रही है।

राजस्थान पुलिस अकादमी का यह नया गौरव न केवल राज्य की पुलिसिंग को नई पहचान देता है, बल्कि देश के प्रशिक्षण ढांचे में भी एक नई मिसाल स्थापित करता है।

# द्वितीय फेडरेशन कप लैक्रोज विजेताओं का संभागीय आयुक्त ने किया सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** कटरा (जम्मू) में 5 से 7 दिसम्बर 2025 तक आयोजित द्वितीय फेडरेशन कप लैक्रोज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर दुहरा खिताब जीतकर लौटे राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का उदयपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जनजाति अंचल के खिलाड़ी–कप्तान सुनीता मीणा, मोहनलाल गमेती एवं प्रशिक्षक नीरज बत्रा का उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने अपने कार्यालय में सम्मान किया और टीम को प्रदेश व संभाग का गौरव बताया।

संभागीय आयुक्त ने राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे का शुभकामना संदेश भी खिलाड़ियों तक पहुंचाया। राज्यपाल द्वारा टीम को फेडरेशन कप के लिए विवेकाधीन कोष से ?10 लाख 20 हजार की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।



उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और उपलब्धि की सराहना करते हुए आदिवासी क्षेत्र के युवाओं को लक्ष्य ओलंपिक की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। खिलाड़ियों व प्रशिक्षक ने भी राज्यपाल, राज्य सरकार और संभागीय आयुक्त के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन, राजस्थान माइन्स एंड मिनरल्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक कृति राठौड़, डीजीएम बी.एस. पत्राबत, आईटी निदेशक गिरिराज कथेरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागीय कार्यालय पहुंचने से पहले कालका माता व्यापार मंडल व क्षेत्रवासियों–अशोक शर्मा, सत्यनारायण प्रजापत, जी.एल. कुमावत, जसवंत उपाध्याय, अमिता, लक्षिता त्रिपाठी, सुमन शर्मा, अनिल शर्मा, विजय नागर, विकास त्रिपाठी, गोविंद सिंह राठौड़, आनंद कंवर राठौड़ आदि ने ढोल-नगाड़ों के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। कालका माता मंदिर परिसर में पुजारी देवेंद्र सिंह गौड़ द्वारा पुष्प वर्षा की गई। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में निदेशक गौरीकांत आमेटा द्वारा अभिनंदन के बाद रामपुरा चौराहे पर पूर्व सरपंच मोतीलाल खड़ा, वालूराम गमेती, नानालाल गमेती सहित ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राजस्थान टीम की इस उपलब्धि ने न केवल राज्य बल्कि पूरे उदयपुर संभाग का मान बढ़ाया है।

## वनरक्षक पेपर लीक-2020 : एसओजी की बड़ी सफलता : भोपाल प्रिंटिंग प्रेस से पेपर चुराकर 23 लाख में बेचने वाला केडी डॉन गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता को भंग करने वाले संगठित गिरोह पर एसओजी ने एक और निर्णायक प्रहार किया है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 पेपर लीक मामले में पेपर स्रोत से चुराने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खिलान सिंह उर्फ केडी डॉन पुत्र हुबलाल सेन, निवासी चोपड़ा कला, भोपाल (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि 13 नवम्बर 2022 को हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक प्रकरण में पहले से गिरफ्तार मुख्य सरगना जबरा राम जाट से पूछताछ के दौरान केडी डॉन का नाम सामने आया। आरोपी खिलान सिंह भोपाल स्थित रूचि प्रिंटिंग प्रेस से जुड़ा था, जहां यह भर्ती परीक्षा का पेपर छापा गया था। वह बेल कंपनी में बाइंडिंग का कार्य करता था और अपनी पहुंच का दुरुपयोग करते हुए परीक्षा के दोनों पारियों के गोपनीय प्रश्नपत्र चुरा लिए थे।

आरोपी खिलान सिंह ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने ये पेपर मुख्य सरगना जबरा राम जाट को 23 लाख रुपये में बेचे थे। यह राशि उसने नगद और ऑनलाइन माध्यम से टुकड़ों-टुकड़ों में प्राप्त की थी।



एसओजी की विशेष टीम ने तकनीकी इनपुट, मोबाइल लोकेशन व गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी को भोपाल से दस्तयाब कर बुधवार, 10 दिसम्बर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि उसने प्रिंटिंग प्रेस के अन्य कार्मिकों की सहायता से यह अपराध अंजाम दिया। एसओजी अब इन सहयोगियों की तलाश में जुटी हुई है। इस कार्रवाई से परीक्षा लीक गिरोह की जड़ें भोपाल तक पहुंच गई हैं और इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी जल्द संभव है।

एसओजी की इस सफलता ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पारदर्शी, निष्पक्ष और शुचिता-आधारित भर्ती प्रक्रिया के प्रति अटल है। इस गिरफ्तारी के साथ वनरक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण की जाँच एक नए और निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है।

## सूचना केंद्र भ्रमण से उत्साहित नजर आए बच्चे





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर के अम्बावगढ़ क्षेत्र स्थित द जूनियर स्टडी विद्यालय के विद्यार्थियों को एक्सपोजर ट्रिप के तहत बारी बारी से सूचना केंद्र का अवलोकन करवाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कक्षा 4 के लगभग 50 विद्यार्थियों का दल सूचना केंद्र पहुंचा। विद्यार्थियों ने सूचना केंद्र के पुस्तकालय, वाचनालय एवं आर्काइव अनुभाग का भ्रमण किया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक व सूचना केंद्र प्रभारी गौरीकांत शर्मा ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों, समाचार पत्रों व पत्रिकाओं को बड़े उत्साह से देखा। वाचनालय में अनुशासित अध्ययन प्रक्रिया की जानकारी मिलने से विद्यार्थी विशेष रूप से प्रभावित हुए। आर्काइव अनुभाग में दशकों पुराने समाचार पत्रों को धरोहर के रूप में संरक्षित देख बच्चे रोमांचित नजर आए। सूचना केंद्र कर्मचारियों द्वारा बच्चों को पुस्तकालय की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

# एडीएम सिटी ने किया सूचना केंद्र का अवलोकन







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर जितेंद्र ओझा ने बुधवार को सूचना केंद्र परिसर का अवलोकन किया। एडीएम श्री ओझा बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे सूचना केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण कर कामकाज की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कला दीर्घा तथा सभागार का भी अवलोकन किया। श्री ओझा ने सूचना केंद्र परिसर के वाचनालय और पुस्तकालय सभागारों का निरीक्षण करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा ने अगवत कराया कि सूचना केंद्र के वाचनालय सभागार में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 150 अभ्यर्थी परिसर में अध्ययन कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। एडीएम ने अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए प्रोत्साहित किया।

श्री ओझा ने आर्काइव का भी अवलोकन किया तथा करीब 50 साल पुराने समाचार पत्र एवं मैगजीन को देखकर अचरज व्यक्त किया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी विपुल कुमार शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विनय सोमपुरा, जयेश पण्ड्या सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

**स्वच्छता, प्लास्टिक प्रतिबंध और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन पर सख्ती के निर्देश**

## ठोस कचरा प्रबंधन समिति एवं स्पेशल टास्क फोर्स कमेटी की बैठक







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रकरण संख्या 606/2018 के अंतर्गत गठित स्पेशल टास्क फोर्स तथा ठोस कचरा निस्तारण समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल शरद सक्सेना, स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक विनोद कुमार, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य तथा विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथकीकरण, पृथक परिवहन, एमआरएफ प्लांटों के प्रभावी संचालन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई व्यवस्था और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम की विस्तृत समीक्षा की गई। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सूचना प्रदान करने वाले नागरिकों के लिए जून 2024 से पारितोषिक योजना लागू है। उन्होंने स्थानीय निकायों को इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष जन-जागरुकता गतिविधियाँ चलाने के निर्देश दिए, ताकि प्लास्टिक प्रतिबंध को पूरी तरह लागू किया जा सके।

### जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन पर डीएलएमसी की कड़ी चेतावनी

स्पेशल टास्क फोर्स बैठक के बाद जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के संग्रहण, परिवहन और निपटान में बारकोड प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने, सीवर लाइन से नहीं जुड़े अस्पतालों में एसटीपी स्थापना तथा सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा सीबीडब्ल्यूटीएफ सदस्यता के नवीनीकरण पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बारकोड प्रणाली लागू नहीं करने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी आरोपित की जाएगी। सभी संस्थानों को 2016 के बीएमडब्ल्यू नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### वायु गुणवत्ता सुधार पर जोर

शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त फंड राशि के उपयोग पर संबंधित बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों को फंड उपयोग का विस्तृत विवरण और अब तक किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए विभिन्न तकनीकों और कार्ययोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्धारित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करें ताकि स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त शहर सुनिश्चित किया जा सके।

## वीरबाला कालीबाई राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास डाल का जिला कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बुधवार को वीरबाला कालीबाई राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास डाल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर कमियां सामने आईं। निरीक्षण के समय छात्राएं विद्यालय में होने से छात्रावास खाली मिला, जबकि छात्रावास अधीक्षक ने कलेक्टर को वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण में भवन जर्जर अवस्था में पाया गया, शौचालय टूटे व असामान्य स्थिति में मिले, जबकि मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद स्वच्छ एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया था। इस पर कलेक्टर ने अधिशाषी अभियंता और स्वच्छ एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुए 7 दिवस के भीतर मरम्मत प्रारंभ करने और देरी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अगस्त माह से छात्रावास को भोजन बजट जारी नहीं हुआ, जिस कारण वार्डन को अपने वेतन से छात्राओं के भोजन की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने उपायुक्त, टीएडी सलूम्बर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण देने और लंबित भुगतान तत्काल जारी करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने छात्रावास में संसाधन होते हुए भी कंप्यूटर कक्षाएं व पुस्तकालय संचालित न होने पर गहरा असंतोष जताया और पुस्तकालय को तत्काल प्रारंभ कर छात्राओं को रजिस्टर में इंद्राज कर पुस्तकें उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु 7 दिवस के भीतर अंशकालिक या प्रतिनियुक्ति पर खेल कोच की नियुक्ति के निर्देश भी दिए।

उन्होंने छात्राओं में अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक अनिवार्य स्टडी आवर लागू करने को कहा। साथ ही एटफ्र प्रेमनगर के प्रधानाचार्य को छात्रावास का नियमित विजिट कर छात्राओं को नशे व धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने एवं काउंसलिंग करने के निर्देश दिए।

छात्रावास परिसर में पेड़-पौधों की अच्छी देखभाल पर कलेक्टर ने सराहना भी की। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए छात्रावास की स्थिति में त्वरित सुधार किया जाए।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।